CATALYST COLLEGE
(A Unit of Vijayam Educational Trust, A registered Non-Profit Charitable Trust)
Affiliated to Patliputra University,Patna

(प्रेस विज्ञप्ति)

कैटलिस्ट कॉलेज में आयोजित कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव

कैटलिस्ट कॉलेज के छात्रों को मिला 5 लाख तक का पैकेज

कैटलिस्ट कॉलेज के 22 छात्रों का 'कोटक महिंद्रा बैंक' और 'एक्स्ट्रा मार्क्स' में हुआ चयन |

कैटलिस्ट कॉलेज में आयोजित कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव के तहत कैटलिस्ट कॉलेज के सात छात्रों का चयन बतौर 'असिस्टेंट अक्विजीशन मैनेजर' 'कोटक महिंद्रा बैंक' में हुआ है | इसमे आशीष कुमार को भवनपुर - मुजफ्फरपुर में, गौरव कुमार राय को मुजफ्फरपुर में, रितिक रौशन को समस्तीपुर में, विश्वजीत कुमार को दीघा, पटना में तथा उजव्वल कुमार, दीक्षा कुमारी एवं वर्षा सिन्हा को पटना एवं अन्य शाखाओं के लिए चयनित किया गया है | इसके अतिरिक्त रितेश कुमार मिश्रा का चयन 'मेट्रिक्स बिजनेस में, नीरज कुमार मिश्रा का वोडाफोन आइडिया में, कुमार गौरव का अदित्या बिरला कैपिटल में तथा प्रशांत कुमार सिंह का टाटा ए.आई.ए. लाईफ इन्श्योरेंस में चयन हुआ है |

इसके साथ ही कैटलिस्ट कॉलेज में जानी-मानी ऑनलाइन एजुकेशन कंपनी 'एक्स्ट्रा मार्क्स' का कैंपस प्लेसमेंट भी आयोजित किया गया | इंटरव्यू के सभी दौरों के पश्चात कैटलिस्ट कॉलेज के 15 छात्रों, हर्ष कुमार, कुणाल प्रताप, प्रिय राज, आरुषि कुमारी, आशीष राज, राजन राज, विनीत राज, विश्वजीत कुमार, दिव्या कुमारी, स्वाति कुमारी, रागिनी कुमारी, दीक्षा कुमारी, आकांक्षा प्रिया, मुस्कान कुमारी तथा मुस्कान मल्होत्रा को 'एक्स्ट्रा मार्क्स' द्वारा 'बिजनेस डेवलमपेंट एक्सक्यूटिव' के रूप में चयनित किया गया | कैटलिस्ट कॉलेज के इन सभी छात्रों को बिहार के विभिन्न जिलों में ही पोस्टिंग मिली है | इन सभी छात्रों को 3.5 लाख से लेकर 5 लाख तक का पैकेज प्राप्त हुआ है | इस छात्रों का चयन ग्रुप डिस्कशन तथा सीधे साक्षात्कार के पश्चात हुआ | ये सभी छात्र कैटलिस्ट कॉलेज में पी.जी.डी.एम., बी.बी.ए., बी.सी.ए. तथा बी.एस.सी.-आई.टी. कोर्स में अध्ययनरत थे |

इस अवसर पर कैटलिस्ट कॉलेज के निदेशक नीरज अग्रवाल ने कहा कि 'कैटलिस्ट कॉलेज में कोर्स के साथ ही छात्रों का कई बार 'इंडस्ट्री इनट्रैकशन प्रोग्राम आयोजित कराया गया, जिसके तहत कॉलेज में विभिन्न इंडस्ट्री के दिगज्जों को आमंत्रित कर समय-सामी पर उनकी विशेष क्लासेज तथा वर्कशॉप्स आयोजित किए गए, जिसके माध्यम से छात्र इंडस्ट्री की वर्तमान जरूरतों को बेहतर तरीके से समझ सकें | इसके साथ ही कैटलिस्ट कॉलेज के छात्रों को कॉलेज में पढ़ाई के साथ साथ व्यक्तित्व विकास का विशेष प्रशिक्षण दिया गया था | जिसका परिणाम छात्रों के बढ़े हुये आत्मविश्वास के रूप में सामने आया है | उन्होने बताया कि इसके पूर्व भी कैटलिस्ट कॉलेज के छात्रों को लगातार विभिन्न ब्ल्यू-चिप कंपनियों जैसे विप्रो, टी.सी.एस. तथा आई.सी.आई.सी.आई. एवं अन्य कंपनियों में प्लेसमेंट मिलता रहा है | यह प्लेसमेंट भी उसी सफलता की अगली कड़ी है | वही इस अवसर पर कैटलिस्ट कॉलेज के डीन डीन नीरज पोद्दार ने बताया कि छात्रों को 'इंगलिश कम्यूनिकेशन' तथा 'इंटरव्यू हैंडलिंग स्किल्स' का विशेष प्रशिक्षण दिया गया था, जिसकी वजह से सभी छात्रों ने इंटरव्यू में अच्छा प्रदर्शन किया तथा एच.आर. अधिकारियों पर अच्छा प्रभाव छोड़ा और अच्छे पैकेज को प्राप्त किया | वहीं कैटलिस्ट

कॉलेज की सेंटर हेड मेघा अग्रवाल ने कहा कि कॉलेज में सभी छात्रों को विश्वविद्यालय कोर्स के साथ ‘बैंकिंग-फायनेंस, स्टॉक मार्केट, मार्केटिंग, सेल्स, कस्टमर सर्विस तथा अन्य ऐड-ऑन कोर्स कराये गए, जिसकी वजह से छात्र इंडस्ट्री की वर्तमान जरूरतों पर पूरी तरह से खरे उतरे | इस अवसर पर सभी शिक्षकों ने भी छात्रों को उनकी सफलता पर बधाई दी एवं उन्होने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की |